
# शहीद स्मारक क्रिकेट टूर्नामेंट का उद्घाटन




टूर्नामेंट में प्रतिभाग करने वाली टीमें।

**देहरादून(एसएनबी)।** यूपीईएस ने प्रोजेक्ट नमन के तहत अपने वार्षिक शहीद स्मारक क्रिकेट टूर्नामेंट के 11वें संस्करण का उद्घाटन किया। प्रतियोगिता में आठ टीमें भाग ले रही हैं। फाइनल मैच नौ जनवरी को होगा।

बिधोली क्रिकेट ग्राउंड में टूर्नामेंट का उद्घाटन हुआ। प्रतियोगिता में यूपीईएस ब्लू, पेयजल निगम, पीडब्ल्यूडी, यूपीसीएल रुड़की, सिंचाई हरिद्वार, एमडीडीए, कृषि और जल संस्थान की टीमें शामिल होंगी। ये टीमें अगले सप्ताह चैंपियनशिप खिताब के लिए कड़ी स्पर्धा करेंगी। प्रोजेक्ट नमन और अन्य सीआरएस पहलों के माध्यम से यूपीईएस बहादुरों के बलिदानों का सम्मान करके और उनके परिवारों का समर्थन करके समुदाय में एक सार्थ प्रभाव पैदा करना जारी रखता है।